बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0:–03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(बक्सर)–07 / 2025 6156 पटना, दिनांक :– 03/09/2025

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, बक्सर के पत्रांक 44 दिनांक 24.01.2025 द्वारा श्री अभिनन्दन कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN11587) के विरूद्ध प्रशिक्षण प्राप्त किए जाने के बाद लगातार अनाधिकृत अनुपस्थित रहने एवं दिनांक 05.01.2025 को आवेदन के माध्यम से योगदान स्वीकृत किए जाने का अनुरोध करने का प्रतिवेदन देते हुए अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के फलस्वरूप संविदा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 826 दिनांक 21.02.2025 द्वारा श्री कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गयी, जिसका प्रतिउत्तर इनके द्वारा समर्पित किया गया। इनके द्वारा स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है कि दिनांक 12.07.2024 से 31.07.2024 तक इनके द्वारा सभी दिवस प्रशिक्षण लिया गया है एवं दिनांक 05.08.2025 को वाट्सग्रूप के माध्यम से शिविर आवंटन की सूचना प्राप्त होने के उपरांत योगदान हेतु जाने के क्रम मोटरसाईकिल से गिर जाने के कारण घुटने में अंदरूनी चोट आ गयी थी, जिससे चलने–फिरने में ये असमर्थ थे। इस संबंध में बंदोबस्त पदाधिकारी, बक्सर से इनकी उपस्थिति के संबंध में प्राप्त सूचना से सभी कार्यदिवस प्रशिक्षण प्राप्त करने संबंधी श्री कुमार के बातों की पुष्टि होती है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा एवं श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षा की गयी है। चूंकि इनके द्वारा स्पष्टीकरण के समर्थन में चिकित्सीय साक्ष्य संलग्न किया गया है एवं बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा भी इनके प्रशिक्षण अवधि में उपस्थिति की पुष्टि की गयी है, अतः इनके स्पष्टीकरण पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए तत्काल कार्य नहीं तो वेतन नहीं (No Work no Pay) के आधार पर श्री कुमार को स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

ह0/- 1/9

(जे0 प्रियदर्शिनी)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(बक्सर)–07 / 2025 6156 **पटना, दिनांक** :03/09/2025

प्रतिलिपि :– श्री अभिनन्दन कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN11587), बंदोबस्त कार्यालय, बक्सर को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 1/9

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(बक्सर)–07 / 2025 6156 **पटना, दिनांक** 03/09/2025

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 1/9

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(बक्सर)–07 / 2025 6156 **पटना, दिनांक** 03/09/2025

प्रतिलिपि :– संबंधित प्रोग्राम, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0/- 1/9

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप